भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 280**
**22 जुलाई, 2025 को उत्तर के लिए**

**जन भागीदारी और सेवा वितरण पर मंत्रालय की वेबसाइट का प्रभाव**

**280. श्री शंकर लालवानीः**

**श्री जुगल किशोरः**

क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) हाल ही में शुरू की गई "इस्पात मंत्रालय" वेबसाइट की मुख्य विशेषताएं और लाभ क्या हैं;

(ख) सरकार सार्वजनिक भागीदारी और सेवा वितरण पर "इस्पात मंत्रालय" वेबसाइट के प्रभाव की निगरानी किस प्रकार कर रही है; और

(ग) विभिन्न उपयोगकर्ता समूहों के बीच वेबसाइट के बारे में जागरूकता और उपयोग बढ़ाने के लिए किस पहल की योजना बनाई गई है?

**उत्तर**

**इस्पात राज्य मंत्री** **(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)**

(क) इस्पात मंत्रालय की लॉन्च की गई नई वेबसाइट आधुनिक, उपयोगकर्ता-अनुकूल इंटरफेस के माध्यम से पारदर्शिता, सुगमता और दक्षता को बढ़ाती है। इसकी प्रमुख विशेषताओं में प्रभावी साइबर सुरक्षा उपाय और व्यापक जनसंपर्क के लिए **भाषिणी** के माध्यम से बहुभाषी सहायता शामिल है।

(ख) मंत्रालय वेबसाइट ट्रैफिक विश्लेषण और उपयोगकर्ता सहभागिता मेट्रिक्स के माध्यम से जन भागीदारी और सेवा प्रदायगी पर वेबसाइट के प्रभाव की निगरानी करता है।

(ग) जागरूकता और उपयोग बढ़ाने के लिए, मंत्रालय सोशल मीडिया आउटरीच के माध्यम से लक्षित अभियान चलाता है।

*****